nandgaon times march-27-4.qxd 3/26/2026 10:24 PM Page 1

मेजबान छत्तीसगढ़ ने राजस्थान... पृष्ठ 2 | अंधे कत्ल का सनसनीखेज खुलासा... पृष्ठ 3

asianpaints
सभी रेंज किफायती दाम में उपलब्ध
अधिकृत विक्रेता
अरूणोदय एजेंसीज
महावीर चौक, राजनांदगांव
93296-47047

नांदगांव टाइम्स

NIPPON PAINT
एशिया पैसिफिक का नंबर 1 पेंट*
अधिकृत विक्रेता
अरूणोदय एजेंसीज
महावीर चौक, राजनांदगांव
93296-47047

शुक्रवार, 27 मार्च 2026, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 50, अंक 162, पृष्ठ 04, मूल्य 3 रुपए

खेल प्रतिभाओं को नया आसमान देने सरकार प्रतिबद्ध - मुख्यमंत्री साय

खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स की शुरुआत छत्तीसगढ़ से होना ऐतिहासिक - केंद्रीय मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया

रायपुर। छत्तीसगढ़ की धरती आज एक ऐतिहासिक क्षण की साक्षी बनी, जब राजधानी रायपुर के साइंस कॉलेज ग्राउंड में देश के प्रथम च्खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026ज् का भव्य शुभारंभ हुआ। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने इस राष्ट्रीय आयोजन की आधिकारिक घोषणा करते हुए स्पष्ट किया कि राज्य सरकार खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने और खेल अधोसंरचना को मजबूत करने के लिए पूर्णत: प्रतिबद्ध है। इस गरिमामयी अवसर पर केंद्रीय युवा मामले एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। यह खेल महाकुंभ 25 मार्च से 3 अप्रैल तक रायपुर के साथ-साथ बस्तर और सरगुजा में आयोजित किया जा रहा है, जिसमें देशभर के 30 राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों से लगभग 2500 खिलाड़ी 9 खेल विधाओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं।

कार्यक्रम में हॉकी इंडिया के अध्यक्ष श्री दिलीप टिर्की और ओलंपिक पदक विजेता सुश्री साइखोम मीराबाई चानू की गरिमामयी उपस्थिति ने आयोजन को विशेष गौरव प्रदान किया। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने अपने संबोधन में कहा कि यह छत्तीसगढ़ के लिए सौभाग्य का विषय है कि प्रभु श्रीराम के ननिहाल में देश के पहले खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स का आयोजन हो रहा है। उन्होंने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया का छत्तीसगढ़ की तीन करोड़ जनता की ओर से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि राज्य में खेल प्रतिभाओं को निखारने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। बस्तर ओलंपिक में 4 लाख तथा सरगुजा ओलंपिक में साढ़े तीन लाख लोगों की भागीदारी इस बात का प्रमाण है कि जनजातीय समाज में खेलों के प्रति गहरी रुचि है। उन्होंने विशेष रूप से उल्लेख किया कि आत्मसमर्पित नक्सली भी च्पुनाबाटज् (नई राह) के माध्यम से मुख्यधारा में लौटकर इन आयोजनों में सहभागी बने—जो परिवर्तन और विश्वास का प्रतीक है।

देशभर से 9 खेल विधाओं में 30 राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों के लगभग 2500 खिलाड़ी ले रहे हिस्सा

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि डबल इंजन सरकार में खेलों को लेकर उत्साह और प्रयास दोनों दोगुने हैं। राज्य सरकार ने च्मुख्यमंत्री खेल उत्कर्ष मिशनज् की शुरुआत की है, जिसके अंतर्गत खेल अधोसंरचना निर्माण और प्रतिभाओं के चिन्हांकन के लिए 100 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। उन्होंने बताया कि रायपुर और बिलासपुर में खेलो इंडिया के तहत रेजिडेंशियल अकादमियां संचालित हैं, जबकि जशपुर, रायगढ़ और रायपुर में इंटीग्रेटेड स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का निर्माण किया जा रहा है। राज्य सरकार ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए ओलंपिक में चयनित खिलाड़ियों को 21 लाख रुपए, स्वर्ण पदक विजेताओं को 3 करोड़, रजत पदक विजेताओं को 2 करोड़ और कांस्य पदक विजेताओं को 1 करोड़ रुपए की प्रोत्साहन राशि निर्धारित की है। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि नवा रायपुर में स्थित देश के दूसरे सबसे बड़े क्रिकेट स्टेडियम का नामकरण जनजातीय नायक शहीद वीर नारायण सिंह के नाम पर किया गया है, जो राज्य के गौरव और प्रेरणा के प्रतीक हैं। मुख्यमंत्री ने देशभर से आए खिलाड़ियों का स्वागत करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ न केवल प्रभु श्रीराम का ननिहाल है, बल्कि यह जनजातीय शौर्य और बलिदान की भूमि भी है। उन्होंने शहीद वीर नारायण सिंह, गेंद सिंह और गुण्डाधुर जैसे नायकों का उल्लेख करते हुए बताया कि नवा रायपुर में उनके सम्मान में म्यूजियम बनाया गया है, जिसका उद्घाटन प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने किया है। उन्होंने खिलाड़ियों से इस म्यूजियम का अवलोकन करने का आग्रह भी किया। केंद्रीय मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने कहा कि खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स की शुरुआत छत्तीसगढ़ से होना ऐतिहासिक है और आने वाले वर्षों में भी यह श्रृंखला जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि खेल केवल पदक जीतने का माध्यम नहीं, बल्कि एक संतुलित जीवन शैली

है।उन्होंने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में खेल संस्कृति के विस्तार का उल्लेख करते हुए कहा कि च्खेल इंडियाज् और च्खेलो इंडियाज् जैसे अभियानों ने खेलों को नई दिशा दी है। उन्होंने कहा कि देश की 65 प्रतिशत से अधिक युवा आबादी में अपार क्षमता है और अब खेल प्रतिभाएं केवल शहरों तक सीमित नहीं हैं, बल्कि जनजातीय क्षेत्रों से भी उभर रही हैं। उपमुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने कहा कि नवरात्रि के पावन अवसर पर भगवान राम के ननिहाल में इस आयोजन का शुभारंभ होना अत्यंत शुभ संयोग है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के जनजातीय समाज ने सदैव देश को वीरता और परिश्रम की प्रेरणा दी है।

ग्राम ईरा में श्री शिव महापुराण कथा में शिव-पार्वती विवाह का भावपूर्ण वर्णन, बड़ी संख्या में उमड़े श्रद्धालु

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। चैत्र नवरात्रि एवं हिंदू नववर्ष के पावन अवसर पर जिले के ग्राम ईरा (सोमनी) के बाजार चौक में 20 मार्च से 26 मार्च 2026 तक संगीतमय श्री शिव महापुराण कथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। बुधवार 25 मार्च को कथा के दौरान भगवान शिव एवं माता पार्वती के दिव्य विवाह प्रसंग का अत्यंत भावपूर्ण एवं मनोहारी वर्णन किया गया।

प्रसिद्ध कथावाचक पंडित चन्द्रकांत शर्मा (राजू महाराज), ग्राम मोखला (भरेंगांव) ने शिव-पार्वती विवाह की कथा सुनाते हुए बताया कि यह विवाह केवल एक पारिवारिक आयोजन नहीं, बल्कि शक्ति और शिव के पावन मिलन का प्रतीक है। उन्होंने माता सती के त्याग, पार्वती के रूप में पुनर्जन्म तथा भगवान शिव को पति रूप में प्राप्त करने के लिए की गई कठोर तपस्या का अत्यंत मार्मिक वर्णन किया। कथा के दौरान संगीतमय भजनों और झाँकियों ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया, जिससे श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। परायणकर्ता के रूप में पंडित विकी शुक्ला द्वारा विधिवत पाठ किया जा रहा है। कथा में सती चरित्र का भी विस्तार से वर्णन किया गया, जिसे सुनकर श्रद्धालु गहन श्रद्धा में डूब गए। आयोजन समिति के अनुसार 20 मार्च को प्रात: 9 बजे भव्य कलश यात्रा के साथ कथा का शुभारंभ हुआ था। अंतिम दिवस 26 मार्च गुरुवार को कार्तिकेय जन्म, गणेश जन्म, शंख एवं चूर्ण कथा, ज्योतिर्लिंग कथा, पार्थिव शिवलिंग पूजन, रुद्राभिषेक, हवन एवं पूर्णाहुति के साथ कार्यक्रम का समापन होगा। इस आयोजन को सफल बनाने में जागृति युवा मंच एवं समस्त ग्रामवासी ईरा की महत्वपूर्ण भूमिका है। आयोजन समिति में अध्यक्ष कुमार साहू, उपाध्यक्ष अमरसिंह साहू, कोषाध्यक्ष लेखाराम साहू, सचिव रवि साहू, सहसचिव टोमन साहू एवं सदस्य गितेन्द्र साहू सक्रिय रूप से सहयोग कर रहे हैं। इसके अलावा किशोर साहू, सचिन देशमुख एवं पुरुषोत्तम साहू संरक्षक के रूप में मार्गदर्शन दे रहे हैं, वहीं चन्द्रप्रकाश किरण (इलेक्ट्रॉनिक्स, सोमनी) का विशेष सहयोग प्राप्त हो रहा है।

विष्णु लोधी ने नवरात्रि पर अपने निवास में नव कन्या पूजन एवं कन्या भोज कराया

डोंगरगढ़ (नांदगांव टाइम्स)। नवरात्रि के पावन अवसर पर छत्तीसगढ़ लोधी समाज के प्रदेश कोषाध्यक्ष एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता विष्णु लोधी द्वारा अपने निवास में नव दुर्गा के नौ स्वरूपों की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। इस दौरान श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ नव कन्याओं का पूजन कर उन्हें सस्मान कन्या भोज कराया गया तथा उनका आशीर्वाद प्राप्त किया गया। उल्लेखनीय है कि विष्णु लोधी द्वारा अपने निवास में प्रत्येक वर्ष नवरात्रि के अवसर पर लगातार कन्या पूजन एवं कन्या भोज का आयोजन किया जाता रहा है, जो उनकी आस्था, संस्कार और सामाजिक प्रतिबद्धता का प्रतीक है। इस अवसर पर विष्णु लोधी ने कहा कि मां दुर्गा के पावन स्वरूप हमें सेवा, समर्पण, शक्ति और करुणा का संदेश देते हैं। यह पर्व भारतीय संस्कृति और परंपराओं की महानता को दर्शाता है तथा समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है। कार्यक्रम में परिवारजनों की उपस्थिति रही, जिन्होंने भी पूजा-अर्चना में भाग लेकर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की।

मोहला में हुई मारपीठ, इलाज के दौरान मौत, परिजनों ने किया चक्काजाम

बीते दिनों मोहला बस स्टैंड में हुई थी घटना

अफशान खान

अम्बागढ़ चौकी (नांदगांव टाइम्स)। बीते कुछ दिनों पहले मोहला बस स्टैंड में हुए मारपीट के एक मामले में मौत के बाद गुरुवार को उग्र रूप ले लिया, जब घायल बस ड्राइवर की उपचार के दौरान मौत हो जाने से आक्रोशित परिजनों ने शव को सड़क पर रखकर स्टेट हाईवे पर चक्काजाम कर दिया। इस दौरान कुछ समय के लिए आवागमन पूरी तरह बाधित रहा। मिली जानकारी के अनुसार, पांच दिन पहले रात के समय मोहला बस स्टैंड में बस ड्राइवर कमलेश भुआर्य का कुछ लोगों से विवाद हो गया था। विवाद इतना बढ़ गया कि आरोपियों ने ड्राइवर की बेरहमी से पिटाई कर दी। गंभीर रूप से घायल कमलेश को पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां से हालत नाजुक होने पर उसे राजनांदगांव रेफर किया गया था। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई, जिसकी खबर मिलते ही परिजनों में आक्रोश फैल गया। न्याय की मांग को लेकर परिजनों ने शव को सड़क पर रखकर स्टेट हाईवे पर चक्काजाम कर दिया। जाम लगभग 1 घंटा था, जिससे यातायात भी प्रभावित हुआ।

पुलिस की समझाइश के बाद मामला हुआ शांत

मौत के बाद परिजनों ने शव को सड़क में रखकर जाम किया, परिजनों ने आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी और सख्त कार्रवाई की मांग की। मौके पर पहुंचे पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने समझाइश देकर स्थिति को नियंत्रित किया आधिकारियों के आश्वासन के बाद परिजनों ने चक्काजाम समाप्त किया, जिसके बाद यातायात बहाल हो सका।

इलाज के दौरान मौत, गंभीर स्थिति में था कमलेश

कमलेश की हालत गंभीर होने पर उसे राजनांदगांव के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। अंदरूनी चोटें इतनी गंभीर थीं, पाँच दिन तक मौत से जूझने के बाद बुधवार रात उसकी मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही परिजन और गांव में आक्रोश फैल गया।

आरोपियों तक पहुंची पुलिस

पत्रकारों के जरिए पुलिस को जैसे ही युवक की मौत की जानकारी मिली, घटना से जुड़े आरोपी को हिरासत में लेने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। मामले में आगे की कार्रवाई जारी है।

बिलासपुर में बर्ड फ्लू का कोहराम

22 हजार से अधिक पक्षी और 25 हजार अंडे नष्ट, 10 किमी का दायरा सील

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले में बर्ड फ्लू (एवियन इन्फ्लूएंजा) की पुष्टि के बाद हड़कंप मच गया है। कोनी स्थित सरकारी कुक्कुट पालन केंद्र में हजारों मुर्गियों की मौत के बाद प्रशासन ने संक्रमण को रोकने के लिए किलिंग ऑपरेशन्स तेज कर दिए हैं। गुरुवार सुबह तक मिली जानकारी के अनुसार, अब तक 22,808 पक्षियों को वैज्ञानिक पद्धति से नष्ट किया जा चुका है। संक्रमण की श्रृंखला तोड़ने के लिए 22,808 पक्षियों के साथ-साथ 25,896 अंडे और लगभग 79 क्विंटल दाने को भी नष्ट कर दिया गया है। जिला कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कोनी फार्म के 1 किलोमीटर के दायरे को 'इन्फेक्टेड जोन' और 10 किलोमीटर के दायरे को 'निगरानी क्षेत्र' घोषित किया है। वहीं प्रभावित क्षेत्र के 10 किमी के भीतर चिकन और अंडों की बिक्री, परिवहन और प्रदर्शन पर पूरी तरह प्रतिबंध लगा दिया गया है। साथ ही अगले 21 दिनों तक लोगों को सावधानी बरतने की सलाह दी गई है। इस घटना के बाद स्वास्थ्य विभाग की टीमें फार्म में काम करने वाले कर्मचारियों और उनके परिवारों की थर्मल स्कैनिंग कर रही हैं। हालांकि, अभी तक किसी इंसान में संक्रमण के लक्षण नहीं मिले हैं।

प्रशासन की अपील- मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने आम जनता से अपील की है कि यदि कहीं भी पक्षियों की असामान्य मौत दिखे, तो तुरंत कंट्रोल रूम के नंबर 07752-251000 पर सूचना दें। अफवाहों पर ध्यान न दें और प्रशासन द्वारा जारी गाइडलाइंस का पालन करें। वहीं सुरक्षा के लिहाज से प्रशासन ने रायगढ़ और आसपास के जिलों में भी हाई अलर्ट जारी कर दिया है ताकि संक्रमण अन्य क्षेत्रों में न फैले।

nandgaon times march-27-4.qxd 3/26/2026 10:24 PM Page 2

मेजबान छत्तीसगढ़ ने राजस्थान को 7- 0 से पराजित किया

धूप और पसीना खिलाड़ियों का सिंगार होते हैं — यही उनके संघर्ष, अनुशासन और मेहनत की पहचान है- तरुणा साहू, अस्मिता वेस्ट जोन जूनियर वर्ग बालिका हॉकी प्रतियोगिता

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। मेजबान छत्तीसगढ़ , और मध्यप्रदेश, की बालिकाओं ने आसान मैचो में अपनी विरोधी टीमों को हरा कर हॉकी इंडिया द्वारा संचालित व छत्तीसगढ हॉकी द्वारा आयोजित अस्मिता वेस्ट जोन जूनियर बालिका हॉकी प्रतियोगिता में जीत दर्ज की प्रतियोगिता का शुभारंभ तरूणा साहू (पंडवानी लोक गायिका) इंस्पेक्टर आर पी एफ के मुख्य आतिथ्य, शैलजा नायक प्राचार्य गायत्री स्कूल की अध्यक्षता एवं ,सुश्री अनिशा साहू अंतर्राष्ट्रीय हाकी खिलाड़ी,सुश्री आशा थॉमस कोषाध्यक्ष छ.ग.हाकी रिया वर्मा , (वरिष्ठ हाकी खिलाढ़ी) चंदन सिह भारद्वाज,गुणवंत पटेल श,मृणाल चौबे, (अंतर्राष्ट्रीय खिलाढ़ी)के विशिष्ट आतिथ्यि और आयोजन समिति के सचिव श्री फ़िरोज अंसारी,सहित छत्तीसगढ़ हॉकी के वरिष्ठ हॉकी खिलाडियों व सदस्यो की उपस्थिति में आयोजित हुआ।

प्रतियोगिता के उद्धघाटन अवसर पर मुख्यअतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि खिलाड़ियों के लिए कठिन परिस्थितियाँ कोई बाधा नहीं, बल्कि उनकी ताकत बनती हैं। धूप में अभ्यास और पसीने की हर बूंद उन्हें और मजबूत बनाती है। उन्होंने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि खेल केवल शरीर को ही नहीं, बल्कि मन और चरित्र को भी मजबूत बनाते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे श्रीमती शैलजा नायर ने कहा कि निरंतर अभ्यास, धैर्य और समर्पण से ही खिलाड़ी अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं।

आयोजन समिति के सचिव व छत्तीसगढ हॉकी के अध्यक्ष श्री फ़िरोज अंसारी ने अपने स्वागत भाषाण में सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए उक्त आयोजन का विस्तार से जानकारी दी उन्होने बताया यह स्पर्धा केंद्र सरकार की योजना के तहत यह प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है जिसमें विशेष रूप से बालिका खिलाड़ियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से चारों जोन में अस्मिता हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया है। ऐसे आयोजन से हर खिलाडीयों को खेल का प्रदर्शन दिखाने को मौका मिल रहा है। उन्होंने जानकारी दी कि इसके पूर्व भी 4 बार अस्मिता हॉकी लीग इस अन्तर्राष्ट्रीय हॉकी मैदान में आयोजित की जा चुकी है। इस अवसर पर अतिथियों का पुष्पमाला व पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत भी किया गया अतिथियों ने मैदान में पहुचकर प्रतिभागी खिलाडियों से परिचय प्राप्त किया।

अंतर्राष्ट्रीय एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में आज से प्रारंभ हुई अस्मिता वेस्ट जोन जूनियर बालिका हॉकी प्रतियोगिता के प्रथम मैच में मेजबान छत्तीसगढ़ ने हॉकी राजस्थान को 0 के मुकाबले 7 गोल से पराजित किया छत्तीसगढ़ की टीम ने अपने शानदार खेल का परिचय देते हुए मैचवद्य के पहले ही क्वाटर 1-0 गोल की बढ़त बना ली थी। छत्तीसगढ़ टीम की ओर से रुक्मणि ने 3 गोल अक्षिता आहूजा ने 2 गोल और भूमिका धनकर और

नेहा कुमारी ने 1-1 गोल किए। आज खेले गए दूसरे मैच में मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र की टीम 1-1 गोल की बराबरी पर रही इस रोमांचक मुकाबले में मैच के पहले क्वाटर में ही मैच 5 वे मिनट में हॉकी मध्यप्रदेश की मिताली शर्मा ने गोल कर 1-0 गोल की बढ़त बनाई थी जिसे महाराष्ट्र की टीम ने मैच के 15 मिनट में खुशी ने गोल कर स्कोर को बराबरी पर ला दिया उसके पश्चात मैच के अंतिम समय तक कोई भी टीम गोल नहीं कर पाई और मैच 1-1 गोल के स्कोर पर ही समाप्त हो गई। उद्घाटन कार्यक्रम प्रमुख रूप से शिवा चौबे,दिलीप रावत, योगेश द्विवेदी,सचिन खोबरागड़े,शकील अहमद,किशोर धीवर,हारून खान, राजेश निर्मलकार,कृष्णा यादव आदि उपस्थित थे।

28 को निकलेगी शहर मे भगवान रामजी की भव्य शोभायात्रा

राजनांदगांव(नांदगांव टाइम्स)। रामनवमी के पावन पर्व पर सकल गुजराती समाज एवं रामनवमी शोभायात्रा समिति द्वारा महावीर चौक हनुमान मंदिर राजनांदगांव से 28 मार्च शनिवार को हम सब के आराध्य देव भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव पर भव्य शोभायात्रा निकाली जा रही है । शोभा यात्रा में राजनांदगांव के समस्त सनातनी हिन्दू भाई एवं बहनें भगवा, पिला या लाल परिधानों में शोभायात्रा की शोभा बढ़ाएंगे शोभा यात्रा शहर के लिए प्रमुख मार्गो से होते हुए वापस महावीर चौक, हनुमान मंदिर पहुंचेगी जहां समस्त सनातनी भाई एवं बहनें सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ कर प्रसादी प्राप्त करेंगे। रामनवमी शोभा यात्रा का यह 19वां वर्ष है । विगत 18 वर्षों से लगातार हिंदुओं के अंतरराष्ट्रीय संगठन ,विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल द्वारा शोभा यात्रा निकाली जा रही है । इस वर्ष यह शोभायात्रा सकल गुजराती समाज की अगुवाई में सर्व समाज एवं तमाम हिंदू संगठनों द्वारा निकाली जा रही है । शोभा यात्रा के सफल संचालन हेतु बुधवार को महाजन बाड़ी भवन स्टेशन रोड में सर्व गुजराती समाज के साथ आयोजन समिति की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई । जिसमें शोभायात्रा की तैयारियों पर विस्तृत चर्चा की गई । बैठक में बड़ी संख्या में समस्त गुजराती समाज के पदाधिकारी एवं सदस्यों सहित विभिन्न समाजों एवं हिंदू

संगठनों के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे । बैठक में सर्व गुजराती समाज के प्रतिनिधि के रूप में श्री नरेश पटेल ने बैठक को संबोधित करते हुए आयोजन समिति को धन्यवाद दिया कि उन्होंने सर्व गुजराती समाज की अगुवाई में सभी समाज एवं सनातनी संगठनों के साथ मिलकर शोभा यात्रा को भव्य एवं सफल बनाने का दायित्व दिया है । श्री पटेल ने अपने संबोधन में यह विश्वास दिलाया है कि सर्व गुजराती समाज इस शोभायात्रा में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेगा एवं इसे भव्य एवं सफल बनाने कोई भी कसर नहीं छोड़ेगा ,,बैठक मे उपस्थित सभी समाज के बंधुओं ने शोभायात्रा को सफल बनाने हेतु महत्वपूर्ण सुझाव दिये ,जिसे लेखबद्ध भी किया गया है,,समिति के लोंगो ने बताया कि शोभा यात्रा में भगवान श्री राम की एक भव्य आकर्षक झांकी के साथ प्रभावी बैंड, भजन मंडलियां, छत्तीसगढ़ की विभिन्न सांस्कृतिक लोक नृत्य एवं वनवासी नृत्य की विभिन्न मंडलियों के समूह के साथ कई अन्य आकर्षक प्रस्तुतियां शोभा यात्रा में नजर आएंगी। शोभा यात्रा में शामिल होने शहर के विभिन्न बस्तियों में लगातार बैठक कर रामोत्सव के आयोजन में शोभायात्रा हेतु समस्त सनातनीयों को आमंत्रित किया जा रहा है। शोभायात्रा के मार्गो को भगवामय कर सजाया जा रहा है । बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने संस्कारधानी के समस्त सनातनियों से अनुरोध किया है कि वह इस शोभायात्रा में अवश्य शामिल होवें तथा जिन मार्गो से यह शोभायात्रा गुजरेगी वहां शोभा यात्रा में शामिल आकर्षक रथ में विराजित हम सब के आराध्य देव भगवान श्री राम पर पुष्प वर्षा कर शोभा यात्रा का स्वागत अवश्य करें । हर वर्ष की तरह इस वर्ष की विभिन्न समाज के पदाधिकारी एवं सदस्य यात्रा के मार्ग पर शोभायात्रा का भव्य स्वागत करने तैयारीयों में लगे हैं शोभा यात्रा में अनेकों माता - पिता अपने अपने बच्चों को श्रीराम, भ्राता लक्ष्मण, माता जानकी सहित हनुमान की विशिष्ट वेषभूषा में लाकर यात्रा की शोभा बढ़ाते हैं। श्री राम नवमी शोभयात्रा समिति और सर्व गुजराती समाज ने ,सभी राम भक्तो, सनातनीयों और सभी सामाजिक बंधुओं से इस शोभायात्रा मे बडी संख्या में उपस्थित होने का आग्रह किया है,,, उक्त जानकारी प्रेस विज्ञप्ति द्वारा आयोजन समिति के पवन पटेल ने दी है।

चमन वर्मा को युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष, उमेश मरकाम को महामंत्री की जिम्मेदारी

गंडई -जिला केसीजी (नांदगांव टाइम्स)। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव के निर्देश एवं भाजपा जिलाध्यक्ष विशेषर साहू तथा युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष आयश सिंह बोनी भाजपा मंडल अध्यक्ष शत्रुहन साहू, भाजपा मंडल महामंत्री महेंद्र यादव की अनुशंसा पर साल्हेवारा मंडल युवा मोर्चा के अध्यक्ष चमन वर्मा ने अपनी नई कार्यकारिणी का विस्तार किया है। नई कार्यकारिणी में विभिन्न पदों पर युवाओं को जिम्मेदारी दी गई है। जिसमें उपाध्यक्ष पद पर राजेश पटेल, ओमप्रकाश वर्मा, दीपू मानिकपुरी और मुकेश साहू को शामिल किया गया है। वहीं महामंत्री पद पर उमेश मरकाम एवं करण पटेल को जिम्मेदारी दी गई है। मंत्री पद पर नोहर सोनवानी, तेजूराम मार्ते, अभिषेक श्रीवास्तव एवं धर्मेश सिन्हा को शामिल किया गया है। कोषाध्यक्ष के रूप में सुरेश यादव को जिम्मेदारी दी गई है। इसके अलावा सोशल मीडिया प्रभारी पवन मरावी एवं मीडिया प्रभारी खेम साहू

जूनी हटरी के राम मंदिर में श्रद्धा व उत्साह के साथ मनाया गया रामोत्सव

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। जूनी हटरी स्थित श्रीराम मंदिर में रामोत्सव का आयोजन श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ किया गया। प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल एवं मातृशक्ति दुर्गावाहिनी राजनांदगांव द्वारा शहर के विभिन्न प्रखंडों एवं सभी वार्डों में रामोत्सव मनाने का प्रयास किया जा रहा है, जिसे धर्मप्रेमी नागरिकों का भरपूर सहयोग और समर्थन मिल रहा है।जानकारी के अनुसार यह आयोजन 19 मार्च हिंदू नववर्ष से प्रारंभ होकर 2 अप्रैल हनुमान जन्मोत्सव तक चलाया जा रहा है। यह कार्यक्रम विश्व हिंदू परिषद-बजरंग दल की राष्ट्रीय स्तर की बैठक में तय कार्ययोजना के अंतर्गत आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान रामदरबार के छायाचित्र की विधिवत पूजा-अर्चना कर भगवान श्रीराम के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने तथा सनातन धर्म के अनुयायियों को एक सूत्र में पिरोने का संदेश दिया जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में प्रांत विधि प्रकोष्ठ प्रमुख अरुण गुप्ता ने अपने विचार व्यक्त करते हुए भगवान श्रीराम के जीवन आदर्शों को अपनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम का जीवन समाज के लिए प्रेरणास्रोत है। इस अवसर पर विहिप के विभाग मंत्री अनूप श्रीवास, जिला मंत्री त्रिगुण सदानी, बजरंग दल के जिला संयोजक राहुल बलदेव मिश्रा, नगर अध्यक्ष शिव वर्मा, नगर उपाध्यक्ष योगेश मुदलियार, जिला सत्संग प्रमुख चंद्रेश जैन, नगर उपाध्यक्ष अरविंद साहू, राजू वर्मा, नगर मंत्री अंकित खंडेलवाल, जिला महाविद्यालयीन प्रमुख गगन साहू, जिला कार्यकारिणी सदस्य अभिषेक शर्मा, राहुल ताम्रकार, सारंग ताम्रकार, नगर कार्यकारिणी सदस्य आशीष श्रीवास एवं कपिल चौरसिया सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त जूनी हटरी क्षेत्र के राजू मथुरिया, भावेश मिश्रा, पप्पू मथुरिया, गोपाल बाजपेई, सुशील बाजपेई, बादल कसार, सुमीत चौरसिया, रितेश बैगने सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में धर्मप्रेमी बंधुजन कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम का समापन भजन-कीर्तन एवं प्रसाद वितरण के साथ हुआ।

करिया टोला में धूमधाम से मनाई गई मां कर्मा जयंती

डोंगरगाँव (नांदगांव टाइम्स)। नगर पंचायत श्रेत्र वार्ड करियाटोला में मां कर्मा जयंती का आयोजन धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया गया , कर्मा जयंती समारोह मे समाज की महिलाओं द्वारा कलश यात्रा पूरे गांव भ्रमण कर साहू समाज के भवन में गई तत्पश्चात सामाजिक बंधुओं ने मां कर्मा की पूजा अर्चना और महाआरती की गई ,कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश अध्यक्ष साहू संघ डॉ. निरेंद्र साहू, विधायक दलेश्वर साहू , शिव राम साहू तहसील साहू संघ अध्यक्ष,नगर पंचायत अध्यक्ष अंजू त्रिपाठी , पूर्व पार्षद डीकेश साहू , ब्लॉक अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी के टिकेश साहू, नगर साहू संघ अध्यक्ष कौशल कुमार साहू , वार्ड पार्षद लीलाराम मंडलोई ,गुलशन हिरवानी उपस्थित थे ,कार्यक्रम के दौरान मां कर्मा के जीवन और उनके आदर्शों पर प्रकाश डाला गया तथा समाज की एकता और विकास पर जोर दिया गया , कार्यक्रम में अतिथियों को शाल श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया, मां कर्मा जयंती समारोह में साहू समाज के अध्यक्ष शोभ राय साहू उपाध्यक्ष कमल साहू सचिव लोकेश साहू कोषाध्यक्ष संपत साहू संगठन सचिव हीरालाल साहू महासचिव खेमिन साहू दुर्गाबाई साहू देव लाल साहू हरिशंकर साहू भरत साहू गणपत साहू गगू साहू नवीन साहू जगदीश साहू डकेश साहू महेंद्र साहू भीखम साहू चंदू साहू संगम साहू मनीष साहू पूनम चंद साहू भीसम साहू और सामाजिक बंधु बड़ी संख्या में में उपस्थित थे।



जिला जेल राजनांदगांव में हुआ विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। जिला जेल राजनांदगांव में दिनांक 21.03.2026 को विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन, अमित जिन्दल , द्वितीय जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश (श्रम न्यायालय) राजनांदगांव, निलेश जगदल्ला, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, राजनांदगांव ने किया । अमित जिन्दल ने बताया कि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 359 के तहत अपराध का शमन अर्थात, राजीनामा करके आप अपराध के परिणाम से बच सकते है । श्री जिन्दल ने यह भी बताया कि साधारण मार-पीट, सदोष अवरोध, चोरी, चोरी की सम्पत्ति प्राप्त करने जैसे मामनो में पीडित व्यक्ति के राजीनामा करने पर आप दोषमुक्त हो सकते है ।

शुभांक

3-7-8

889-5 678-1

भाग्यांक

130-4 ------

माताएं और बहनें भी समाज की रीढ़ हैं,उनके बिना समाज की कल्पना अधूरी : जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा

छुरिया (नांदगांव टाइम्स)। विकासखंड के ग्राम बम्हनी चारभांठा में झेरिया यादव समाज द्वारा आयोजित सामाजिक सम्मेलन में बतौर मुख्यातिथि के रूप में संजय कुमार सिन्हा अध्यक्ष जनपद पंचायत छुरिया, उभे राम मंडावी जनपद सदस्य,शत्रुहन यादव अध्यक्ष झेरिया समाज, रितेश यादव,कुंदन बडोले मौजूद रहे । सभी अतिथियों का जोरदार राऊत नाचा के साथ आत्मीय स्वागत किया गया। उक्त कार्यक्रम संबोधित करते हुए श्री सिन्हा ने कहा कि मुझे अत्यंत हर्ष और गर्व का अनुभव हो रहा है। कि यह सम्मेलन केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि हमारी समाज को एकता, पहचान और सामाजिक शक्ति का प्रतीक है। यादव समाज का इतिहास अत्यंत गौरवशाली रहा है। हम सभी भगवान श्रीकृष्ण के वंशज हैं, जिनका जीवन हमें धर्म,नीति, और कर्तव्य का मार्ग दिखाता है। श्रीकृष्ण ने हमें सिखाया कि कठिन परिस्थितियों में भी धैर्य, बुद्धिमत्ता और साहस के साथ आगे बढ़ना चाहिए। आज समय की मांग है कि हम अपनी शिक्षा, संगठन और संस्कार को मजबूत करें। यदि समाज को आगे बढ़ाना है, तो हमें अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा देना होगा। शिक्षा ही वह शक्ति है, जो हमें आत्मनिर्भर और सशक्त बनाती है। हमारा समाज मेहनती, ईमानदार और संघर्षशील रहा है। आज हम कृषि, व्यापार, शिक्षा, राजनीति, और अन्य कई क्षेत्रों में अपनी पहचान बना रहे हैं। लेकिन अभी भी हमें बहुत आगे जाना है। इसके लिए हमें आपसी भेदभाव, छोटी-छोटी बातों को भूलकर एकजुट होना होगा। एकता में ही शक्ति है, और जब हमारा समाज एकजुट होगा, तभी हम अपने अधिकारों की रक्षा कर पाएंगे और विकास की नई ऊँचाइयों को छू पाएंगे। यादव समाज के युवा साथियों को अपने प्रेरणादायी उदबोधन में कहा कि आप समाज का भविष्य हैं। आपको आगे आकर समाज के विकास में अपनी भूमिका निभानी होगी। नशा, बुराइयों और गलत रास्तों से दूर रहकर अपने लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करें।अपने माता-पिता और समाज का नाम रोशन करें। हमारी माताएं और बहनें भी समाज की रीढ़ हैं। उनके बिना समाज की कल्पना अधूरी है। हमें महिलाओं को सम्मान देना होगा, उन्हें आगे बढ़ने के अवसर देने होंगे, तभी हमारा समाज पूर्ण रूप से विकसित हो सकेगा। छुरिया विकासखंड के अलग अलग स्थानों से बड़ी संख्या में सामाजिक बंधु शामिल रहे।

ग्राम केशोटोला में नौ दिवसीय देवी भागवत कथा का अलौकिक आयोजन

छुरिया (नांदगांव टाइम्स)। ग्राम केशो टोला में चैत्र नवरात्रि के

पावन पर्व पर आयोजित देवी भागवत कथा ने पूरे क्षेत्र में भक्ति, श्रद्धा और अध्यात्म का अद्भुत वातावरण निर्मित किया। माता रानी के चरणों में नमन करने और देवी भागवत के दिव्य ज्ञान का श्रवण करने के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित हुए। पंडित राजेंद्र महाराज ने देवी महिमा, शक्ति साधना और धर्म के सिद्धांतों पर आधारित प्रेरणादायक प्रवचन दिए, जिसने सभी भक्तों को भावपूर्ण एवं सकारात्मक ऊर्जा से भर दिया। इस पावन अवसर पर जिला भाजपा पूर्व महामंत्री श्री रविन्द्र वैष्णव मुख्य रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने माता रानी के समक्ष नमन कर ग्राम एवं क्षेत्र की उन्नति, सुख-समृद्धि और समरसता की कामना की। उन्होंने कहा कि देवी भागवत केवल धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन को सही दिशा देने वाला आध्यात्मिक मार्गदर्शन है। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य श्रीमती बीरम मंडावी, जनपद सदस्य श्रीमती भान बाई मंडावी, ग्राम सरपंच श्रीमती अंजू बाई धनकर, सरपंच प्रतिनिधि श्री कुंदन बडोले, शिकारी महका, भूखन धनकर सहित अनेक गणमान्य ग्रामीण एवं भक्तजन उपस्थित रहे। देवी भागवत कथा के दौरान पूरे वातावरण में भक्ति और उल्लास का माहौल छाया रहा। च्जय माता दीज्ज् के जयघोषों से ग्राम गुंजायमान हो उठा। कथा के समापन पर भजन, महाआरती और प्रसाद वितरण हुआ, जिसमें सभी श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। ग्रामीणों ने ऐसे धार्मिक आयोजनों को समाज को जोड़ने वाला और संस्कृति को मजबूती देने वाला बताया।

राजनांदगांव में पशु बढ़ी, क्रूरता स्वानों को लाठी से पीटने का वीडियो वायरल, लोगों में आक्रोश

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। शहर में पशु क्रूरता की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। बीते एक साल के भीतर गायों और घुमंतू स्वानों के साथ कई अमानवीय घटनाएं सामने आ चुकी हैं, जिससे आम नागरिकों और पशु प्रेमियों में नाराजगी का माहौल है। लोगों का कहना है कि समय रहते सख्त कार्रवाई नहीं होने के कारण असामाजिक तत्वों के हौसले बुलंद होते जा रहे हैं। ताजा मामला बुधवार देर शाम सामने आया, जब एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ। वायरल वीडियो में कुछ युवक लाठी लेकर घुमंतू स्वानों को दौड़ाते और बेरहमी से पीटते हुए नजर आ रहे हैं। यह पूरी घटना आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है। वीडियो सामने आते ही शहर में आक्रोश फैल गया और दोषियों के खिलाफकड़ी कार्रवाई की मांग तेज हो गई। घटना के विरोध में गुरुवार को पशु सेवकों और विभिन्न सामाजिक संगठनों ने एकजुट होकर थाना बसंतपुर पहुंचकर लिखित शिकायत दर्ज कराई। शिकायत में आरोपियों की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की गई। साथ ही शहर में पशुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए ठोस और प्रभावी कदम उठाने की आवश्यकता भी जताई गई। थाना प्रभारी बसंतपुर ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच कर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है। पुलिस का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान की जा रही है और जल्द ही दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी। पशु प्रेमियों ने प्रशासन से अपील की है कि इस तरह की घटनाओं पर सख्ती से अंकुश लगाया जाए, ताकि भविष्य में इसकी पुनरावृत्ति न हो। उन्होंने आम नागरिकों से भी पशुओं के प्रति संवेदनशील रहने और किसी भी प्रकार की क्रूरता की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की है। इस दौरान पूर्व पार्षद ऋषि शास्त्री, प्रणय मुल्लेवार, सन्मय श्रीवास्तव, हरीश भानुशाली, प्रिंस प्रशांत, गौरव शर्मा, सागर यादव, करण तवर,शिवानी तिवारी,नगमा अंसारी,शालिनी चितलांग्या,पवन बांसफोड़ सहित अन्य पशु सेवक मौजूद रहे।

ज्ञान मंथन

1) भारत के किस राज्य में आदि पेरूक्कु मानसून महोत्सव मनाया जाता है जिसमें देवी पार्वती की पूजा भी शामिल है?
2) दरूबरू मिस्टर इंडिया प्रतियोगिता यह दुनिया में पुरुषों के लिए सबसे बड़ी और सबसे सम्मानित प्रतियोगिता है। यह प्रतियोगिता किस राज्य में मनाया जाता है?
3) दिल्ली में स्थित जंतर-मंतर का निर्माण किसने करवाया था?
4) ओडिशा के संबलपुर में समलेई मंदिर परियोजना का उद्घाटन हाल ही में किसके द्वारा किया गया?
5) भारतीय सेना की पहली महिला सूबेदार हाल ही में कौन बनीं हैं?

RamaQuiz (Pappu Ganesh)

उत्तर माला

(1) तमिलनाडु (2) गोवा (3) जयपुर के राजा सवाई जयसिंह (4) नवीन पटनायक (5) प्रीति रजक

अंधे कत्ल का सनसनीखेज खुलासा, 2 दिनों में मृति का की पहचान, 5 दिन के अंदर एक आरोपी पुणे से गिरफ्तार

पदमराज सिंह ठाकुर

कबीरधाम(नांदगांव टाइम्स)। दिनांक 19 मार्च 2026 को रानीदहरा जलप्रपात के समीप एक अज्ञात महिला का शव मिलने की सूचना पर कबीरधाम पुलिस द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर जांच प्रारंभ की गई। प्रारंभ में मृतिका की पहचान पूरी तरह अज्ञात होने से मामला अत्यंत जटिल एवं चुनौतीपूर्ण था। मामले में थाना बोड़ला में अपराध क्रमांक 34/2026, धारा 103(1), 238(क), 61(2) बीएनएस के अंतर्गत दर्ज कर कबीरधाम पुलिस द्वारा त्वरित एवं पेशेवर कार्यवाही करते हुए उल्लेखनीय सफ्लता अर्जित की गई है। कबीरधाम पुलिस द्वारा त्वरित एवं पेशेवर कार्रवाई करते हुए मात्र 2 दिनों के भीतर ही मृतिका की पहचान कर ली गई, जो जिला मुंगेली की निवासी पाई गई। इसके बाद मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह (भा.पु.से.) के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र बघेल एवं अमित पटेल तथा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी (एसडीओपी) बोड़ला अखिलेश कौशिक के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक रूपक शर्मा के नेतृत्व में विशेष टीम गठित कर बहुस्तरीय जांच प्रारंभ की गई।

मामले की गुत्थी सुलझाने हेतु अलग-अलग पुलिस टीमों का गठन कर उन्हें विभिन्न कार्यों में लगाया गया। एक टीम द्वारा तकनीकी साक्ष्यों का संकलन कर कॉल डिटेल्स एवं लोकेशन का विश्लेषण किया गया, वहीं दूसरी टीम द्वारा घटनास्थल एवं आसपास के क्षेत्रों में सघन पूछताछ करते हुए प्रत्यक्षदर्शियों एवं स्थानीय लोगों से महिला के संबंध में विस्तृत जानकारी जुटाई गई। पुलिस द्वारा लगातार की गई मेहनत, सूझबूझ एवं वैज्ञानिक जांच के आधार पर संदेहियों का दायरा सीमित किया गया, जिसके पश्चात देवेन्द्र प्रसाद जायसवाल की भूमिका संदिग्ध पाई गई। टीम को जानकारी प्राप्त हुई कि मुख्य आरोपी पुणे (महाराष्ट्र) में छिपा हुआ है, जिस पर तत्काल पुलिस टीम गठित कर पुणे रवाना किया गया। कबीरधाम पुलिस की टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी देवेन्द्र प्रसाद जायसवाल को पुणे से गिरफ्तार कर विधिवत कबीरधाम लाया गया। आरोपी से पूछताछ में पूरे घटनाक्रम का खुलासा हुआ, जिसमें उसने अपने पिता केषव प्रसाद जायसवाल एवं सहयोगी मनोज पटेल के साथ मिलकर हत्या करना स्वीकार किया। उनके द्वारा बताया गया कि दिनांक 16 मार्च को शाम 6 से 7 बजे के बीच घटना कारीत किया था। पूछताछ में यह तथ्य सामने आया कि मृतिका सुखमती बैगा के साथ आरोपी का प्रेम संबंध था। समाज में बदनामी के भय से आरोपियों द्वारा सुनियोजित षड्यंत्र रचकर मृतिका को रानीदहरा जलप्रपात ले जाकर पत्थर से हमला कर हत्या की गई तथा साक्ष्य छिपाने के उद्देश्य से शव को झरने में फेंक दिया गया।

पेपर लीक कांड ने खोली च्सुशासनज् की सच्चाई, भाजपा राज में अब शिक्षा-परीक्षा भी असुरक्षित– शास्त्री

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल की 12वीं बोर्ड परीक्षा का हिंदी पेपर लीक होने के मामले में प्रदेश की राजनीति गरमा गई है। पूर्व पार्षद ऋषि शास्त्री ने इस घटना को लेकर भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए इसे प्रशासनिक तंत्र की सबसे बड़ी विफ्लता करार दिया है। शास्त्री ने आरोप लगाया कि सुशासन का दम भरने वाली सरकार के राज में शिक्षा माफ्यिा इस कदर सक्रिय हैं कि प्रदेश की सबसे महत्वपूर्ण बोर्ड परीक्षा की गोपनीयता भी सुरक्षित नहीं रह गई है। युवा नेता पूर्व पार्षद ऋषि शास्त्री ने प्रेस विज्ञप्ति के जरिए सरकार से सीधे सवाल किए कि जब प्रश्नपत्रों की सुरक्षा के लिए कड़े प्रोटोकॉल और पुलिस सुरक्षा का दावा किया जाता है, तो आखिर पेपर परीक्षा से पहले वॉट्सएप और टेलीग्राम तक कैसे पहुँचा? उन्होंने कहा कि यह केवल एक तकनीकी चूक नहीं है, बल्कि विभाग के भीतर बैठे बड़े अधिकारियों और परीक्षा केंद्रों के प्रभारियों की मिलीभगत का नतीजा है। डबल इंजन की सरकार का दावा करने वाली भाजपा शासन में शिक्षा व्यवस्था का इंजन पूरी तरह पटरी से उतर चुका है। शास्त्री ने पेपर रद्द होने के बाद छात्रों और अभिभावकों को होने वाली मानसिक और आर्थिक परेशानियों का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया।

राजनांदगांव संस्कारधानी में हनुमान जयंती पर भव्य सुंदरकांड का आयोजन

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। संस्कारधानी में हनुमान जयंती के उपलक्ष्य में आचार्य मुकेश महराज जी के मुखारविंद से भजन एवं भव्य सुंदरकांड का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन महामृत्युंजय मंदिर जीवन कॉलोनी में होगा, जिसमें मुख्य यजमान अंकित शिवांगी सिंह चौहान जी एवं उनके सह परिवार उपस्थित रहेंगे।इस आयोजन में आप सभी नगरवासी आमंत्रित हैं। आइए, हम सभी मिलकर हनुमान जी की पूजा-अर्चना करें और उनके आशीर्वाद की कामना करें। कलयुग के साक्षात देवता श्री हनुमान जी महाराज हैं, सात चिरंजीवी में हनुमान जी का भी नाम लिया जाता है। हम सब लोग हनुमान जन्म महोत्सव के दिन भव्य सुंदरकांड एवं भजनों के माध्यम से आपको उनके विशेषताओं के बारे में बताएंगे। इस अवसर पर हनुमान जी की जीवन कथा, उनके बल और भक्ति की कहानियां सुनाई जाएंगी।अत: नगर वासी से करबद्ध अनुरोध है आप अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इस कार्यक्रम को सफ्ल बनाएं एवं हिंदू राष्ट्र के लिए जगह-जगह सुंदरकांड का पाठ करें तो निश्चित ही हिंदू राष्ट्र बनने में तनिक भी देर नहीं लगेगा। इस आयोजन के माध्यम से हम सभी को हनुमान जी की शिक्षाओं को अपने जीवन में अपनाने का अवसर मिलेगा। समय: शाम 5 बजे से 8 बजे तक स्थान: महामृत्युंजय मंदिर जीवन कॉलोनी, राजनांदगांव दिनांक 1/04/2026 संपर्क 7489645762 आप सभी से अनुरोध है कि इस आयोजन में शामिल होकर हनुमान जी की भक्ति में शामिल हों।

स्वदेशी मेला का भव्य शुभारम्भ

सात दिन तक सैकड़ों स्वदेशी उत्पाद व विभिन्न स्टॉल, मनोरंजक आधुनिक झूला और सांस्कृतिक मंच व पारम्परिक कार्यक्रमों की होंगी गूंज

पहले दिन लोकप्रिय राष्ट्रीय गायिका सारेगामा टीवी फेम ऐश्वर्या पंडित की होंगी आकर्षक प्रस्तुति

पदमराज सिंह ठाकुर

कबीरधाम(नांदगांव टाइम्स)। शुक्रवार 27 मार्च से शहर में भव्य स्वदेशी मेला का आयोजन होने जा रहा है। भारतीय विपणन विकास केंद्र स्वदेशी जागरण फाउंडेशन की इकाई द्वारा यह कार्यक्रम आयोजित है, स्वदेशी मेला संयोजक डॉक्टर अतुल जैन ने बताया की शहर व जिलेवासियों के लिए अत्यंत हर्ष का विषय है की ऐसे वृहद मेले का आयोजन हमारे जिले शहर मे हो रहा है, जिसका उद्देश्य लोगों मे स्वदेशी वस्तुओ के प्रति जागरूकता, उन्हें स्वदेशी उत्पाद उपलब्ध कराना और लोगों को स्वदेशी उत्पाद कार्य व विभिन्न गतिविधियों से जोड़कर उनका सामरिक मानसिक सामाजिक विकास करना है। मेला बहुत वृहद और भव्य तरिके से आयोजित किया जा रहा है, जिसमे सैकड़ो कार्यकर्ता सम्मिलित होकर सेवा भाव से कार्य कर रहे है, मेले मे स्टॉल, विभिन्न सुंदर सामग्री विक्रय के साथ्ङ्कसाथ युवाओं व प्रतिभाओ के विकास के लिए विभिन्न प्रतियोगिता, आयोजन, समसमायिक शिक्षा घटना को जोड़कर सुधार व ज्ञान प्राप्ति हेतु उपक्रम किये जा रहे है। बच्चों व महिलाओं की विभिन्न प्रतियोगिता, महिलाओं की सहभागिता व शिक्षा व आयोजन से उन्हें जोड़कर रखा जा रहा है, जहा उन्हें बहुत कुछ सिखने को मिलेगा। मेला प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से रात 10 बजे तक आयोजित किया जाएगा, जहा शाम 6 बजे से प्रतिदिन विभिन्न सांस्कृतिक,साहित्यिक व छत्तीसगढ़ की भव्य प्रस्तुति दी जाएगी, कार्यक्रम मे बड़े राष्ट्रीय कलाकारो के साथ राज्य अंचल व स्थानीय प्रतिभाओ को भी मौका दिया जा रहा है, जिससे सभी स्थानीय प्रतिभाओ को निखारा जा सके। पहले दिन लोकप्रिय राष्ट्रीय गायिका सारेगामा टीवी फेम ऐश्वर्या पंडित की आकर्षक प्रस्तुति होंगी।

किसान कांग्रेस की नई पदाधिकारी सूची जारी, कई नेताओं को जिम्मेदारी

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। अखिल भारतीय राष्ट्रीय किसान कांग्रेस ने राजनांदगांव जिला संगठन के लिए नई पदाधिकारी सूची जारी की है। राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री सुखपाल सिंह खैरा और राष्ट्रीय प्रभारी श्री अखिलेश शुक्ला की सहमति से यह सूची बनाई गई। छत्तीसगढ़ प्रभारी श्री सचिन पायलट, प्रदेशाध्यक्ष श्री दीपक बैज, विधानसभा नेता प्रतिपक्ष श्री चरणदास महंत, छत्तीसगढ़ कांग्रेस कमेटी प्रभारी महामंत्री श्री मलकीत सिंह गैंदू, प्रदेश अध्यक्ष किसान कांग्रेस श्री अभिषेक मिश्रा और प्रदेश संगठन प्रभारी श्री हकील हुसैन के अनुमोदन से सूची तैयार हुई। जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण जिलाध्यक्ष विपिन यादव और किसान कांग्रेस राजनांदगांव जिलाध्यक्ष मदन साहू के हस्ताक्षर से इसे औपचारिक रूप दिया गया। जानकारी जिला प्रभारी महामंत्री योगेन्द्र दास वैष्णव ने दी।सूची में प्रमुख नियुक्तियाँ इस प्रकार हैं: संरक्षक: गुलाब वर्मा, बली राम साहू, पदम् कोठारी , कोषाध्यक्ष: ओमप्रकाश साहू, प्रभारी महामंत्री: योगेन्द्र दास वैष्णव, राम साहू, मीडिया प्रभारी: गौतम वर्मा, ओमप्रकाश साहू, प्रवक्ता: पुरुषोत्तम साहू, उपाध्यक्ष: पूरण नेताम, पुरुषोत्तम वर्मा, जीवन साहू, मदनमोहन साहू, श्रीमती आशा मंडावी, संतोष ठाकुर, तुलादास साहू, शिशुपाल भारती, मधोदेव दास ,जिला महामंत्री: दशरथ ठाकुर, श्रीमती ललिता टार्जन साहू, बसंत निषाद, द्वारिका सिन्हा, पोहन साहू, भोज साहू, डां भीखम साहू, मनहरण सिन्हा, हेमंत साहू, लेखचंद वर्मा, गिरधारी साहू, जिला संगठन सचिव: रवि चंद्रवंशी, अखिलेश सिन्हा, कमलेश साहू, मनोज साहू, जागेश्वर साहू, कमल साहू, जितेन्द्र चुनारकर, देवलाल कंवर, श्रीमती दामिनी साहू, तेतेजशवर साहू, अनिल पंसारी, जिला कार्यकारिणी सदस्य: रामसाय उइके, चतुर सिंह, धनेन्द्र दयाराम साहू, किशोर कुमार साहू, श्रीमती तेजू बाई साहू, पुनीत वर्मा, प्रदीप पटेल, श्रीमती कल्पना साहू, विशेष आमंत्रित सदस्य: श्रीमती छन्नी चंदू साहू, पूर्व विधायक श्री भुनेश्वर बघेंल, पूर्व विधायक श्रीमती कांति बंजारे, श्रीमती रमादेवी वर्मा, श्री भागवत साहू, श्रीमती रामछती चंद्रवंशी, श्रीमती कांति भंडारी, श्रीमती प्रभा साहू, स्थायी आमंत्रित सदस्य: श्री दलेश्वर साहू, विधायक डोंगरगांव श्री भोलाराम साहू, विधायक खुज्जी श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल, विधायक डोंगरगढ़ श्री विपिन यादव, श्री महेन्द्र यादव, श्रीमती विभा साहू, श्री अंगेशवर देशमुख, ब्लॉक/अध्यक्ष पद: डोंगरगांव ङ्क चुम्मन साहू, डोंगरगढ़ ङ्क जयचंद ठाकुर, लालबहादुर नगर ङ्क देवलाल वर्मा, छुरियां ङ्क विजय साहू, घुमका ङ्क दिनेश पुराणिक, कुमरदा ङ्क पुरण साहू, राजनांदगांव ङ्क शैलेश साहू, किसान कांग्रेस ने इन नियुक्तियों के माध्यम से संगठन को और सशक्त बनाने और ग्रामीण नेतृत्व को सक्रिय करने का उद्देश्य रखा है।

धान खरीदी में 70 लाख से अधिक की हेराफेरी का खुलासा, खरीदी प्रभारी गिरफ्तार

पदमराज सिंह ठाकुर

कबीरधाम(नांदगांव टाइम्स)। पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह (भा.पु.से.), अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र बघेल एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमित पटेल के निर्देशन तथा अनुविभागीय अधिकारी पुलिस के पर्यवेक्षण में कबीरधाम पुलिस द्वारा बड़ी कार्यवाही करते हुए थाना कुण्डा क्षेत्र अंतर्गत धान खरीदी केन्द्र पेण्ड्रीकला में हुए 70,43,200 रुपये के गबन/हेराफेरी के मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है। मामले में प्रार्थी राजेन्द्र कुमार डाहिरे, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक राजनांदगांव शाखा कुण्डा द्वारा लिखित शिकायत प्रस्तुत की गई थी। शिकायत के अनुसार विपणन वर्ष 2025-26 में सेवा सहकारी समिति मर्यादित अंतर्गत धान उपार्जन केन्द्र पेण्ड्रीकला का निरीक्षण कलेक्टर खाद्य शाखा कबीरधाम के आदेश पर गठित जांच दल द्वारा किया गया। जांच में पाया गया कि दिनांक 12.01.2026 की स्थिति में कुल 23319.20 क्विंटल धान की खरीदी दर्ज थी, जिसमें से 3880 क्विंटल धान का उठाव हो चुका था तथा शेष 19439.20 क्विंटल धान केन्द्र में

उपलब्ध होना चाहिए था। किन्तु भौतिक सत्यापन में मात्र 17167.20 क्विंटल धान ही पाया गया, जिससे 2272.00 क्विंटल धान की कमी सामने आई। उक्त कमी की शासकीय मूल्य राशि 70,43,200 रुपये आंकी गई। जांच प्रतिवेदन में स्पष्ट हुआ कि धान खरीदी प्रभारी विवेक चंद्राकर द्वारा तौल पत्रक एवं रजिस्टर में कुटरचना कर धान की हेराफेरी की गई तथा अमानत में खयानत करते हुए शासन को आर्थिक क्षति पहुँचाई गई। प्रकरण में थाना कुण्डा में अपराध क्रमांक 15/2026 धारा 316(3), 316(5), 318(4), 336(3), 338, 340 भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान प्रार्थी, गवाहों एवं जांच दल के सदस्यों के कथन लिए गए तथा साक्ष्य संकलित किए गए। पूछताछ में आरोपी द्वारा धान खरीदी के दौरान रिकॉर्ड में हेराफेरी करना स्वीकार किया गया, जिससे शासन को भारी आर्थिक नुकसान हुआ। थाना प्रभारी कुण्डा निरीक्षक विमल लावनिया के नेतृत्व में टीम गठित कर आरोपी विवेक चंद्राकर की पतासाजी कर दिनांक 26.03.2026 को गिरफ्तार किया गया एवं न्यायालय में प्रस्तुत कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया। उक्त कार्यवाही में उप निरीक्षक जयराम यादव, प्रधान आरक्षक मुकेश राजपूत, संजय मरावी, जयंती पटेल एवं जेठूराम साहू का विशेष योगदान रहा।

धर्म समाचार....

सभी सिद्धियों को देने वाली है मां सिद्धिदात्री



अरविन्द तिवारी

या देवी सर्वभू तेषु माँ सिद्धिदात्री रूपेण संस्थिता।
नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नम:।।

रायपुर (नांदगांव टाइम्स) । माँ दुर्गा जगत के कल्याण के लिये नौ रूपों में प्रकट हुई और इन रूपों में अंतिम रूप है देवी सिद्धिदात्री का। माँ दुर्गा की नौंवी शक्ति अर्थात नवदुर्गाओं में माँ सिद्धदात्री अंतिम स्वरूप है। आज शारदीय नवरात्रि की नवमी तिथि है , यह तिथि महानवमी के नाम से भी प्रसिद्ध है। नवरात्रि के नवें दिवस के बारे में अरविन्द तिवारी ने बताया कि आज के दिन मां सिद्धिदात्री की विधि विधान से पूजा की जाती है। सिद्धि का मतलब आध्यात्मिक शक्ति और दात्री यानि देने वाली अर्थात माता सिद्धीदात्री अणिमा , महिमा , गरिमा , लघिमा , प्राप्ति , प्राकाम्य , ईशित्व और वशित्व- ये सभी प्रकार के सिद्धियों को देने वाली है। आज नवरात्रि पूजन के अंतिम दिवस शास्त्रीय विधि विधान एवं पूर्ण निष्ठा के साथ इनकी उपासना की जाती है। इस दिन साधना करने वाले साधक को सभी सिद्धियों की प्राप्ति होती है। सृष्टि में कुछ भी उसके लिये अगम्य नहीं रह जाता है। ब्रह्मांड पर पूर्ण विजय प्राप्त करने की सामर्थ्य उसमें आ जाती है। वे इनकी कृपा से अनंत दुख रूपी संसार से निर्लिप्त रहकर सारे सुखों का भोग करता हुआ मोक्ष को प्राप्त कर सकता है। केवल मानव ही नहीं बल्कि देव , गंधर्व , यक्ष , ऋषि , असुर सभी सिद्धियों को प्राप्त करने के लिये माँ सिद्धिदात्री की आराधना करते हैं। संसार में सभी वस्तुओं को सहज और

सुलभता से प्राप्त करने के लिये नवरात्रि के नवें दिन इनकी पूजा की जाती है। इस देवी का पूजन , ध्यान , स्मरण हमें संसार की असारता का बोध कराते हैं और अमृत पद की ओर ले जाते हैं। भगवान शिवजी ने इस देवी की कृपा से सभी सिद्धियां प्राप्त की थीं एवं इनकी कृपा से ही भगवान शिव का आधा शरीर देवी का हुआ था और इसी कारण शिवजी अर्धनारीश्वर के नाम से प्रसिद्ध हुये। हिमाचल का नंदा पर्वत इनका प्रसिद्ध तीर्थस्थल है। ज्योतिषीय मान्यता के अनुसार यह देवी केतु ग्रह को नियंत्रित करती है। कई जगह तो अष्टमी को ही कन्या भोज और हवन हो गया वहीं कई जगह आज नवमीं को कन्या भोज और हवन होगा। जो भक्त नवरात्र में कन्यापूजन और नवमी के पूजन के साथ व्रत का समापन करते हैं उन्हें इस संसार में धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष की प्राप्ति होती है। चूकि दुर्गा सप्तशती के सभी श्लोक मंत्र रूप हैं इसीलिये सप्तशती के सभी श्लोक के साथ आहुति दी जाती है। देवी के बीज मंत्र च्ॐ ह्रीं क्लीं चामुण्डायै विच्चे नमो नम:ज्ज् से कम से कम 108 बार आहुति देनी चाहिये।

माता सिद्धिदात्री का स्वरूप -

माँ सिद्धिदात्री का स्वरूप अत्यंत सौम्य है। ये देवी महालक्ष्मी की तरह कमल पर विराजमान रहती हैं और वे शेर की सवारी करती हैं। उनकी चार भुजायें हैं जिनमें दाहिने एक हाथ में वे गदा और दूसरे दाहिने हाथ में चक्र तथा दोनों बायें हाथ में क्रमश: शंख और कमल का फूल धारण की हुई हैं। ये देवी सरस्वती का भी स्वरूप हैं जो श्वेत वस्त्रालंकार से युक्त महाज्ञान और मधुर स्वर से अपने भक्तों को सम्मोहित करती हैं। देवी का यह स्वरूप सभी प्रकार की सिद्धियों को देने वाला है और इनकी पूजा से केतु के बुरे प्रभाव कम होते हैं। माता की उपासना में अध्यात्म के प्रतीक हल्के बैंगनी या जामुनी रंग के वस्त्रों को धारण करें। माता सिद्धिदात्री की पूजा में नौ तरह के फ्ल-फूल अर्पित किये जाने का विधान है। मोक्ष की प्राप्ति के लिये माँ सिद्धिदात्री पर केले का भोग लगायें। च? देवी सिद्धिदात्यै नम: ।ज्ज् के साथ निम्न मंत्र से माँ का ध्यान करना चाहिये। भगवती सिद्धिदात्री का ध्यान , स्तोत्र व कवच का पाठ करने से च्निर्वाण चक्रज् जागृत हो जाता है।

राम एक रूप अनेक - आज रामनवमीं विशेष

अरविन्द तिवारी

रायपुर (नांदगांव टाइम्स)। यह संसार एक अस्थायी सराय है , आयु एक भूलभुलैया गली है , जीवन एक तुच्छ भिक्षुक है और भक्ति एक दानशीला देवी है। आज रामनवमी के पावन अवसर पर देशवासियों को अपने जीवन में श्रीराम के चरित्र का अनुकरण करने की संदेश प्रेषित कर रहा हूँ। श्रीराम का अनुपम चरित्र तो प्रत्येक पग पर ऐसा आदर्श प्रतिष्ठित करता है जिसके अनुकरण से लौकिक और पारलौकिक दोनों प्रकार का जीवन सफ्ल हो जाता है तुलसीदासजी ने रामचरितमानस में श्रीराम को आदर्श पुत्र , शिष्य , बंधु , शत्रु एवं राजा आदि रूपों में उनके उच्च आदर्शों को निरूपित किया है और इसलिये ही वे श्री मर्यादा पुरुषोत्तम कहे जाते हैं। श्रीराम बचपन से ही आदर्श पुत्र हैं , माता पिता की आज्ञापालक हैं तथा प्रात: काल उन्हें प्रणाम करने के बाद ही अन्य कार्य करते हैं।

प्रातकाल उठि कै रघुनाथा , गुरु पितु मातु नवावहि माथा।

वनगमन के पूर्व भी श्रीराम अपनी माता कैकयी से कहते हैं -

सुनु जननी सोई सुत बड़भागी , जो पितु मातु बचन अनुरागी।

जब अनुज लक्ष्मण वनगमन के लिये तत्पर रहते हैं तब भी प्रभु श्रीराम उन्हें समझाते हुये कहते हैं कि माता-पिता और सभी प्रजा की सेवा के लिये तुम अयोध्या में ही रहो।

जासु राज प्रिय प्रजा दुखारी , रहहु भवन अस नीति बिचारी।

अस जिस जानि सुनहु सिख भाई , करहु मातु पितु पद सेवकाई।

पिता की मृत्यु के बाद भरत जी अवध का राज्य स्वीकार ना कर श्रीराम को अयोध्या लौटाने चित्रकूट जाते हैं तो कैकयी को लज्जित देखकर सर्वप्रथम नम्रता से उन्हीं से मिलते हैं।

पग परि कीन्ह प्रबोध बहोरी , काल करम विधि सिर धरि खोरी। इस प्रकार श्रीराम का पुत्र के रूप में आदर्श चरित्र प्रत्येक मनुष्य के लिये चरित्र निर्माण में अनुकरणीय है। विश्वामित्रजी की यज्ञ की रक्षा के लिये पिता की आज्ञा लेकर लक्ष्मण के साथ भगवान श्रीराम घोर घनघोर जंगल में सहर्ष चल देते हैं और यज्ञ द्रोही राक्षसों का संहार कर ऋषि का यज्ञ कार्य पूर्ण कराते हैं।

- क्रिकेट किट
- फुटबाल
- हॉकी किट
- योगा मेट

स्वाती स्पोर्ट्स

खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...

क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो- खो, बैडमिंटन, बास्केट बॉल, थ्रो बॉल, शॉपट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोर्ट्स बॉल, रैकेट बैग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोर्ट्स बैग, बैडमिंटन नेट, स्कोरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी- टी टेबल,टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बेट, टी-टी बेट, ट्रेक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बेग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...

स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971

मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र की शराब ने घटाया राजस्व

इधर लोकल दुकानों से कोचियों को मिल रहा बढ़ावा, अवैध कार्य को संरक्षण देने वाला आबकारी विभाग का मास्टरमाइंड कौन...?

प्रतिबंध के बाद भी धर्मनगरी में बिक रही मदिरा, पुलिस की कार्यप्रणाली भी घेरे में...

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। तस्करी के जरिए मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र से पहुंच रही शराब ने छत्तीसगढ़ का आबकारी राजस्व घटा दिया है। सबसे ज्यादा प्रभाव राजनांदगांव जिले में पड़ा है। क्योंकि यह दोनों राज्य राजनांदगांव जिले की सीमा से लगे हुए हैं। चाक-चौबंद व्यवस्था के दावों के बीच बड़ी आसानी से पड़ोसी राज्य से शराब राजनांदगांव और फिर दुर्ग तक पहुंच रही है। डोंगरगढ़, बागनदी और बोरतलाब जैसे सीमावर्ती क्षेत्र से शराब को छत्तीसगढ़ में एंट्री दिलाना वो भी बिना मिलीभगत के ये संभव नहीं है। सूत्रों की माने तो तस्करो ने आबकारी और पुलिस महकमे के अधिकारी-कर्मचारियों से तगड़ी सेटिंग कर रखी है। सवाल यह है कि आखिर इस तरह के अवैध कार्य को संरक्षण देने वाला आबकारी विभाग का मास्टरमाइंड है कौन...? इधर लोकल दुकानों से कोचियों को बढ़ावा दिया जा रहा है। प्रतिबंध के बावजूद धर्मनगरी कहलाने वाले डोंगरगढ़ में खुलेआम शराब का बिकना पुलिस की कार्यप्रणाली को भी घेरे में ले चुका है। त्यौहार तो छोड़िए नवरात्रि जैसे पावन पर्व के दौरान भी डोंगरगढ़ में खुलेआम शराब बेचने और पिलाने का कारोबार चलता रहा। सूत्रों की माने तो शराब के अवैध कारोबारियों ने पुलिस से भी तगड़ी सेटिंग कर रखी है।

दिखावे के लिए की जाती है एक दो मामले में कार्रवाई

तस्करों के साथ पुलिस और आबकारी विभाग के अधिकारियों की मिलीभगत की खबर फैले नहीं इसलिए महीने-दो महीने में एक दो मामलों में कार्रवाई का दिखावा कर दिया जाता है। गौरतलब है कि मध्यप्रदेश से छत्तीसगढ़ में शराब की तस्करी और उसमें आबकारी अधिकारियों व कर्मचारियों के संरक्षण की खबरें अक्सर सामने आती रही हैं। हाल के घटनाक्रमों में यह बात खुलकर सामने आई है।

शराब तस्करी और आबकारी अधिकारियों की मिलीभगत

जांच और रिपोर्टों के अनुसार, मध्यप्रदेश से शराब की बड़ी खेप छत्तीसगढ़ सीमावर्ती जिले में पहुंच रही है। सर्वप्रथम राजनांदगांव का नाम सामने आता है। जिसमें स्थानीय आबकारी विभाग के कुछ अधिकारियों की मिलीभगत या उदासीनता के आरोप लगते रहे हैं।

आबकारी अधिकारियों की भूमिका

कई मामलों में यह आरोप लगे हैं कि आबकारी विभाग के संरक्षण के कारण अवैध कारोबार फ्लता-फूलता है और ग्रामीणों की शिकायतों के बावजूद गंभीरता नहीं दिखाई जाती।

त्योहार से पहले बड़े पैमाने पर होती है तस्करी

होली-दिवाली जैसे त्योहारों से पहले भी एमपी से छत्तीसगढ़ में शराब तस्करी की घटनाओं में तेजी देखी गई है, जहां पुलिस ने अवैध शराब जब्त की है। सूत्रों की माने तो त्यौहार में पुलिस कार्यवाही तो करती है लेकिन दिखावे के लिए। कार्रवाई में छोटे कोचियों को पकड़कर बड़े तस्करों के लिए रास्ता साफकर दिया जाता है, यही वजह है कि त्योहार के समय गली मोहल्ले में शराब आसानी से मिल जाती है।

दस्तावेजों में हेराफेरी कर देते है तस्करी को अंजाम

सूत्रों की माने तो अवैध शराब के परिवहन के लिए अक्सर नकली परमिट या बिना बिल वाली शराब का उपयोग किया जाता है, जिसके तार कई बार मध्यप्रदेश के डिस्टिलरी से जुड़े होते हैं। कार्रवाई अक्सर छोटे मामलों में की जाती है जबकि बड़े तस्कर हमेशा रडार से बाहर रहते है।

इधर अवैध कारोबार के लिए कोचियों को सरकारी दुकानों से बल्क में मिल रही शराब

इधर अवैध कारोबार के लिए कोचियों को सरकारी दुकानों से थोक में शराब मिल रही है। इस बात की पुष्टि हम नहीं पुलिस की क्राइम डाटा कर रही है। बीते जनवरी माह में राजनांदगांव जिला पुलिस की ओर से जारी की गई प्रेस रिलीज में दावा किया गया था कि बीते तीन महीनों में पुलिस ने छापामार कार्रवाई कर भारी मात्रा में छत्तीसगढ़ में निर्मित देशी एवं विदेशी शराब जब्त की है। पुलिस के मुताबिक धारा 34(1), 34(2) आबकारी एक्ट के तहत 92 प्रकरणों में 95 आरोपियों से 522.40 बल्क लीटर देशी प्लेन शराब कीमती 2,34,860/- रुपये जब्त किया गया। इसी तरह धारा 34(1), 34(2) आबकारी एक्ट के तहत 30 प्रकरणों में 33 आरोपियों से

133.23 बल्क लीटर अंग्रेजी शराब कीमती 88,540/- रुपये जब्त किया जा चुका है। इसके साथ ही देशी/विदेशी शराब परिवहन में प्रयुक्त 39 दोपहिया वाहन, कीमती 15,65,000/- रुपये की जब्ती की कार्रवाई की जा चुकी है।

आबकारी विभाग दे रहा शराब के अवैध कारोबार को बढ़ावा

इससे साफ है कि किस तरह आबकारी विभाग ही शराब के अवैध कारोबार को बढ़ावा देने में लगा हुआ है। ऐसा हम इसलिए कह रहे हैं क्योंकि शासकीय शराब दुकानों की मॉनिटरिंग का जिम्मा पूरी तरह आबकारी विभाग को ही दिया गया है। विभागीय अधिकारियों के जानकारी के बिना शराब की एक बोतल भी इधर-उधर नहीं हो सकती।

राजस्व बढ़ाने के आड़ में काला कारनामा

सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार आबकारी विभाग के अफसर शराब से राजस्व बढ़ाने की आड़ में अवैध कारोबार को पोषित कर रहें हैं। गिनती के दुकानों से तय लक्ष्य में राजस्व की प्राप्ति होना असंभव है, ऐसा कहकर कोचियागिरी को बढ़ावा दिया जा रहा है। भले ही अवैध कारोबार समाज के लिए नुकसान देह क्यों न हो। लेकिन अधिकारियों को फ़ायदे से मतलब है। दुकानों से कोचियों को 200 से 300 रुपए प्रति पेटी अतिरिक्त रुपए लेकर अवैध तरीके से शराब बेची जा रही है।

महावीर जयंती के अवसर पर सनसिटी में 28 तारीख को निकलेगी भव्य प्रभात फेरी

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। महावीर जयंती के उपलक्ष्य में 28/3 दिन शनिवार को सुबह 6 बजे सनसिटी निर्माणधीन मंदिर से प्रभात फेरी निकाली जाएगी निर्माणाधीन मंदिर परिसर में श्री कुशाल चंद जी कोठारी द्वारा झंडा फहराया जाएगा तत्पश्चात प्रभात फेरी ङ्घ्रङ्घ्र एनएक्स होते हुए सनसिटी के क्कष्ठ ब्लॉक में भ्रमण करेगी सनसिटी परिवार द्वारा जगह जगह प्रभात फेरी का स्वागत किया जाएगा सनसिटी के अध्यक्ष आनंद चोपड़ा व महावीर जन्म कल्याण समिति के सयोजक मिश्री गोलछा ने सकल जैन समाज व सनसिटी परिवार से प्रभात फेरी में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है प्रभात फेरी में ड्रेस कोड पुरुष सफेद महिलाए लाल रखा गया है प्रभात फेरी के बाद नवकासी की व्यवस्था रखी गई है सनसिटी सोसाइटी के चेयर मेन विनोद बोहरा सचिव दिलीप गोलछा ह्रङ्ग के सचिव दीपक कोठारी ने सभी साधार्मिक भाई बहनों से प्रभात फेरी में शामिल होने की अपील की है उक्त जानकारी अतुल चोपड़ा ने दी।



नगर के प्रमुख मार्ग वार्ड नंबर 21 में डामरीकरण रोड का भूमि पूजन किया गया

राजनांदगांव(नांदगांव टाइम्स)। नगर के प्रमुख मार्ग वार्ड नंबर 21 में डामरीकरण रोड का भूमि पूजन किया गया, जिसमें नगर पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे जी उपाध्यक्ष उमा महेश वर्मा सभापति अमित जैन वार्ड नंबर 21 का पार्षद मेनका राजेश कंडरा महिला मोर्चा अध्यक्ष सविता दरगढ़ किसान मोर्चा महामंत्री अजय शर्मा, राजेश कंडरा,नागेश कंडरा, वार्ड वाशी शामिल थे।

गायत्री मंदिर में महापूर्णाहूति पर 5 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ आज

नि :शुल्क संस्कार भी कराये जायेंगे

डोंगरगांव(नांदगांव टाइम्स)। स्थानीय गायत्री मंदिर में चैत्र नवरात्रि पर्व पर चले नौ दिन तक के चले विभिन्न साधना व अनुष्ठान का समापन कल नवरात्र की नवमी तिथि 27 मार्च को होगा। इस दौरान सुबह 9 बजे से पांच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ सहित विभिन्न संस्कार संपन्न कराये जायेगें। मंदिर के मुख्य प्रबंध ट्रस्टी बालकृष्ण सिन्हा ने एक विज्ञप्ति में बताया कि नवरात्रि पर्व में वेदमाता गायत्री की विशेष साधना का विशेष फल मिलता है। गायत्री वह महाशक्ति है, जिसकी साधना करके मनुष्य अपने जीवन विकास के मार्ग में बड़ी सहायता प्राप्त करता है। मान्यता है कि नवरात्रि पर्व में

एकम् से लेकर नवमीं तक नौ दुर्गाएं जागृत रहती हैं और इन नौ दिनों को अनेक प्रकार साधना अनुष्ठानों के लिए सबसे अधिक उपयुक्त माना जाता है। स्थानीय गायत्री मंदिर में भी नवरात्र पर्व के प्रथम दिवस को बहुसंख्या में गायत्री परिजनों व साधकों द्वारा संकल्प ज्योति कलश की स्थापना की गई। साथ ही कईयों ने विभिन्न प्रकार के साधना अनुष्ठान का संकल्प लिया। इस बार नवरात्रि पर्व दस दिनों का है, इन दसों दिनों में मंदिर में प्रतिदिन सुबह एक कुण्डीय गायत्री यज्ञ के माध्यम से विशेष अनुष्ठान का क्रम भी चला है। समस्त प्रकार के साधना और अनुष्ठानों का समापन बुधवार नवमी तिथि को होगा, इस अवसर पर सुबह पांच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ, विभिन्न संस्कार के अलावा महाप्रसादी वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। उक्त समस्त कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में गायत्री परिजनों तथा श्रद्धालु नगरवासियों से अधिकाधिक संख्या में उपस्थिति की अपील की है।

नवरात्रि में आस्था का संगमः एसपी अंकिता शर्मा पहुंचीं शीतला मंदिर, लिया मां का आशीर्वाद

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। नवरात्रि के पावन अवसर पर पुलिस

अधीक्षक अंकिता शर्मा आज शीतला मंदिर पहुंचीं, जहां उन्होंने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर मां शीतला का आशीर्वाद लिया। इस दौरान उन्होंने जिलेवासियों की सुख-समृद्धि और शांति की कामना की। मंदिर परिसर में मौजूद श्रद्धालुओं ने भी एसपी का स्वागत किया और उनके साथ दर्शन का लाभ लिया। नवरात्रि को देखते हुए अंकिता शर्मा लगातार सुरक्षा व्यवस्था का भी जायजा ले रही हैं, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो। आस्था और सुरक्षा—दोनों मोर्चों पर सक्रिय नजर आईं एसपी अंकिता शर्मा।

लोक मंडई तुमडीबोड में 29 मार्च से 31 मार्च तक, छत्तीसगढ़ के कई नामी गिरामी कलाकार अपनी अपनी प्रस्तुति देंगे, लोगों में उत्साह का माहौल

तुमड़ीबोड़ (नांदगांव टाइम्स)। डोंगरगांव ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम तुमड़ीबोड़ में आगामी 29 से 31 मार्च तक लोक मंडई का आयोजन होगा। तीन दिवसीय लोक मंडई के आयोजन में छत्तीसगढ़ की ख्याति प्राप्त लोक कलाकारों के साथ ही उभरते हुए नवोदित कलाकारों को आमंत्रित किया गया है , लोक मंडई की तैयारी जोरशोर से की जा रही है, लोक मंडई आयोजन समिति के सदस्य टाइगर क्लब और तुमड़ीबोड़ व्यापारी संघ के अध्यक्ष अजय जैन ने बताया कि 29 से 31 मार्च तक चलने वाले इस लोक मंडई कार्यक्रम में तीन दिनों तक छत्तीसगढ़ की नामी गिरामी, ख्याति प्राप्त कलाकारों द्वारा लोक मंडई के विशाल मंच में अपनी प्रस्तुति देंगे। जिसमें प्रथम दिवस 29 मार्च को पंडवानी तरुणा साहू ,लोक गायन रिंकी देवांगन, दुष्यंत हरमुख , आरू साहू, सोहिल रंगारी, जस गायक दुकालू यादव, लोक गायन शेख अमीन , छाया चंद्राकर, कॉमेडी शैलेश साव ,कन्हैया साहू ,सुबोध पटेल , एवं विशेष अतिथि कलाकार अनुज शर्मा है।दूसरे दिन 30 मार्च को पंथी नृत्य एवं गायन नाथू नवागांव ,जस गायन राजेश सिन्हा,लोक गायन कंचन जोशी, पंडित विवेक शर्मा, नाचा गम्मत हेमलाल कौशल, नवीन देशमुख, लोक गायन चंपा निषाद, सुनील सोनी ,कॉमेडी कचरा बोदरा उर्वशी साहू, उपासना वैष्णव है।एवं अंतिम दिवस 31 मार्च को भरथरी हिमानी वासनिक, जस गायन सुनील सिहोरे, लोक गायन मिथलेश्वरी सेन, दिनेश वर्मा ,खिलेश यादव, संजय सुरीला, शशि लता, अनुराग शर्मा, एवं अलका चंद्राकर परगनिया आदि कलाकार अपनी अपनी प्रस्तुति देंगे। आयोजन समिति ने सभी से इस लोक मंडई कार्यक्रम का आनंद उठाने की अपील की है।



प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मोः 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com